VPM CLASSES

CSIR NET, GATE, IIT-JAM, UGC NET , TIFR, IISc, JEST, JNU, BHU, ISM, IBPS, CSAT, SLET, NIMCET, CTET

# UGC NET - PAPER - I

## MOCK TEST PAPER

### PAPER - I

- *This paper contains 50 objective type questions*
- *Each question carries 2 marks.*
- *Attempt all the questions.*
- *Pattern of questions : MCQs*
- *Total marks : 100*
- *Duration of test : 1.15 Hours*

VPM CLASSES

For IIT-JAM, JNU, GATE, NET, NIMCET and Other Entrance Exams

1-C-8, Sheela Chowdhary Road, Talwandi, Kota (Raj.) Tel No. 0744-2429714

Web Site www.vpmclasses.com E-mail-vpmclasses@yahoo.com

**1.** निम्नलिखित में से कौन–सा शोध का गुण नहीं है ?

(A) शोध व्यवस्थित होती है।

(B) शोध प्रक्रिया नहीं है।

(C) शोध समस्या परक होती है।

(D) शोध निष्क्रिय नहीं होती ळें

**2.** शिक्षण का मुख्य उद्देश्य है :

(A) केवल तर्क शक्ति का विकास

(B) केवल चिन्तन का विकास

(C) दोनों (A) और (B)

(D) सूचना देना

**3.** निम्न में से कौन–सी पद्धति विज्ञान शिक्षण के लिए अधिक उपयोगी नहीं है ?

(A) समस्या पद्धति

(B) आगमन पद्धति

(C) प्रयोगशाला पद्धति

(D) प्रश्नोत्तर पद्धति

**4.** निम्नलिखित में से कौन–सा कथन सही है ?

(A) आविष्कार अनुसन्धान होते है।

(B) अनुसन्धान आविष्कार मुखी होते है।

(C) आविष्कार और अनुसन्धान सम्बन्धित होते है।

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**5.** शिक्षण की गुणवत्ता प्रदर्शित होती है :

(A) कक्षा में छात्रों की उपस्थिति से

(B) छात्रों की उत्तीर्ण प्रतिशत से

VPM CLASSES

(C) छात्रों के द्वारा पूछे गए प्रश्नों की गुणवत्ता से

(D) कक्षा में शान्ति बनाए रखने की अवधि से

**6.** विचार विमर्श विधी का उपयोग किया जाता है जब–

(A) प्रकरण कठिन हो

(B) प्रकरण सामान्य हो

(C) प्रकरण सरल हो

(D) उपर्युक्त सभी

**7.** निम्नलिखित में से कौन–सा कथन सही है ?

(A) अनुसन्धान में उद्देश्यों को प्रश्न के रूप में लिपिबद्ध किया जा सकता है।

(B) अनुसन्धान में उद्देश्यों को कथन के रूप में लिपिबद्ध किया जा सकता है।

(C) उद्देश्यों को थीसिस के प्रथम अध्याय में ही वर्णित करना होता है।

(D) उपर्युक्त सभी

**8.** वर्तमान वार्षिक परीक्षा प्रणाली :

(A) रंटन विद्या को प्रोत्साहित करती है।

(B) अच्छे पढ़ने की आदत को प्रोत्साहित नहीं करती है।

(C) छात्रों को कक्षा में नियमित आने के लिए प्रोत्साहित नही करती।

(D) उपर्युक्त सभी

**9.** प्रयोगात्मक अनुसंधानों में स्वतन्त्र विचलनों का दूसरा नाम है :

(A) ट्रीटमेन्ट विचलन

(B) प्रयोगात्मक विचलन

(C) मैनीपुलेटेड वैरिएबिल

(D) उपरोक्त सभी

**10.** एक महाविद्यालय अपने शोधार्थियों को सामाजिक विज्ञानों के लिए सांख्यिकीय पैकेज की प्रयोग विधि में प्रशिक्षित करना चाहता है। इसके लिए उसे आयोजित करना चाहिए :

(A) सम्मेलन

(B) संगोष्ठी

(C) कार्यशाला

(D) लेक्चर

**11.** इस उद्धरण का शीर्षक है :

(A) अमरीका न्यू डील नीति

(B) रोजगार नीति

(C) सुरक्षा नीति

(D) कार्यक्रम नीति

**12.** अमरीका एक देश था :

(A) समाजवादी

(B) पूंजीवादी

(C) साम्यवादी

(D) सुरक्षावादी

**13.** 1935 में रूजवेल्ट द्वारा पारित अधिनियम था :

(A) सामाजिक सुरक्षा

(B) रोजगार

(C) श्रम नीति

(D) शिक्षा

**14.** वृद्धा पेन्शन के लिए योग्य आयु क्या थी ?

(A) 60 वर्ष

(B) 65 वर्ष से अधिक

(C) 65 वर्ष से कम

(D) 60 वर्ष से कम

**15.** सामाजिक सुरक्षा अधिनियम का मुख्य उद्देश्य था :

(A) वृद्ध व्यक्तियों को सामाजिक सुरक्षा

(B) विकलांगों को सामाजिक सुरक्षा

(C) बेरोजगारों को सामाजिक सुरक्षा

(D) उपर्युक्त सभी को सामाजिक सुरक्षा

**16.** निम्नलिखित में से कौन–सा कथन परस्पर विरोधी है ?

1. अधिकतर कवि अहंकारी नहीं होते है।

2. अधिकतर कवि विनम्र होते है।

3. कुछ कवि अंहकारी होते है।

4. कुछ कवि निर–अहंकारी नहीं होते है।

निम्नलिखित कूट से सही उत्तर चुनिए :

कूट

(A) 1 और 4

(B) 2 और 3

(C) 1 और 3

(D) 3 और 4

**17.** किसी खास कोड MEADOW को BFNVNC लिखते है। इस कोड में CORNER कैसे लिखा जाएगा।

(A) DPSQDM

(B) SPDMDQ

(C) SPDQDM

(D) DPSMDQ

**18.** निम्नलिखित में से कौन–से तर्क करने के तरीके सही नहीं है ?

1. यदि घोड़े गाय हैं और यदि गायें भेड़े हैं, तो सभी घोड़ों को भेड़े होना चाहिए।

2. यदि टॉप के अभिनेता प्रसिद्ध हैं और शाहरूख खान प्रसिद्ध है, जो शाहरूख खान टॉप का अभिनेता है।

3. लता राजू की दूसरी बहन है, इसलिए राजू लता का दूसरा भाई है।

4. A B के बराबर नहीं है, किन्तु B, C के बराबर है, इसलिए A, C के बराबर हुआ।

कूट :

(A) 1, 2 और 3

(B) 1, 3 और 4

(C) 2, 3 और 4

(D) 1, 2 और 4

**19.** कौन–सी सैटेलाइट चैनल निम्नलिखित विज्ञान पंक्ति (Adline) का प्रयोग करती है। (Knowing is very thing) ?

(A) BBC वर्ल्ड

(B) स्टार

(C) सोनी

(D) जी

**20.** यदि A प्रयोग होता 5 के लिए B, 6 के लिए C, 7 के लिए D, 8 के लिए और इसी प्रकार आगे तो निम्नलिखित संख्याओं का क्या अर्थ होगा :

22, 25, 8, 22 और 5

(A) PRIYA

(B) NEEMA

(C) MEENA

(D) RUDRA

**21.** भारत में लम्बे समय तक प्रसारित होने वाला सबसे पुराना टी. वी. सीरियल (Oldest soap opera telecasted in India) निम्नलिखित में से कौन–सा है ?

(A) कहानी घर–घर की

(B) बुनियाद

(C) हम लोग

(D) सास भी कभी बहू थी

**22.** संख्याओं की श्रृंखला : $\frac{2}{3}, \frac{4}{7}, X, \frac{11}{21}, \frac{16}{31}$ मे छूटी हूई संख्या X क्या है ?

(A) $\frac{8}{13}$

(B) $\frac{6}{13}$

(C) $\frac{5}{13}$

(D) $\frac{7}{13}$

**23.** सूची-I (विशिष्ट महिलाएं) को सूची-II (कार्यक्षेत्र) से सुमेलित कीजिए और नीचे दिए कूट से सही उत्तर चुनिए :

| | सूची-I (विशिष्ट महिलाएं) | | सूची-II (कार्यक्षेत्र) |
|---|---|---|---|
| (a) | झुंपा लाहिरी | 1. | पत्रकार |
| (b) | बरखा दत्त | 2. | उपन्यासकार |
| (c) | मीरा नायर | 3. | फिल्म कलाकर |
| (d) | कोकणा सेन शर्मा | 4. | फिल्म निर्देशक |

कूट :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (B) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (C) | 4 | 1 | 3 | 2 |
| (D) | 2 | 3 | 4 | 1 |

**24.** निम्नलिखित में से कौन–से कथन एक ही बात करते है ?

1. 'मै चतुर हूं' (राम द्वारा कहा गया)
2. 'मै चतुर हूं' (राजू द्वारा कहा गया)
3. 'मेरा बेटा चतुर है' (राम के पिता द्वारा कहा गया)
4. 'मेरा भाई चतुर है' (राम के बहिन द्वारा कहा गया)
5. 'मेरा भाई चतुर है' (राम की इकलौती बहिन द्वारा कहा गया)
6. 'मेरा इकलौता शत्रु चतुर है' (राम के इकलौते शत्रु द्वारा कहा गया)

निम्नलिखित कूट से सही उत्तर चुनिए :

(A) 1, 3, 4, 5
(B) 1 और 2
(C) 4 और 5
(D) 1 और 6

**25.** एक थैली में एक रूपए, 50 पैसे और 25 पैसे के सिक्को की संख्या बराबर है। यदि थैली में कुल 35 रूपए है, तो प्रत्येक प्रकार के सिक्कों की संख्या क्या है ?

(A) 15
(B) 18
(C) 20
(D) 25

**26.** टेलीविजन पर 'सर्वप्रथम भारत में बनाया गया' बच्चों का चैनल कौन–सा है ?

(A) कार्टून नेटवर्क
(B) वाल्ट डिजनी
(C) यूनाइटेड होम इण्टरटेनमेन्ट का हंगामा टीवी
(D) निक जूनियर

**27.** निम्नलिखित में से कौन–से कथन हमेशा सही होते है ?

1. एक लकड़ी की मेज, मेज है।

VPM CLASSES

2. अब बारिश हो रही है या बारिश नहीं हो रही है।

3. सूर्य प्रतिदिन पूर्व में निकलता है।

4. मुर्गी का बच्चा मुर्गी के अण्डे से निकलता है।

कूट :

(A) 1 और 3

(B) 1, 3 और 4

(C) 1 और 2

(D) 2 और 3

**28.** निम्नलिखित में से कौन–सा/से कथन पूर्ण रूप से असम्भव है/हैं ?

1. कोई स्त्री अपने ही पोते को जन्म देतें हुए।

2. कोई व्यक्ति अपने ही अन्तिम संस्कार में शामिल होते हुए।

3. किसी दिन सूर्य पूर्व में नहीं निकलते हुए।

4. कारें बिना पेट्रोल के चलती हुई।

कूट :

(A) 1 और 2

(B) 3 और 4

(C) 2

(D) 2 और 4

**29.** पहले सेट के अक्षरों में कोई सम्बन्ध है। इस सम्बन्ध के आधार पर दूसरे सेट के लिए सही विकल्प क्या है ?

BF : GK : LP : ?

(A) JK

(B) QU

(C) VW

(D) RQ



VPM CLASSES

**30.** निम्नलिखित में से कौन–सा जोड़ा बेमेल है ?

(A) आज तक–24 घण्टे का समाचार चैनल


(B) एफ. एम. स्टेशन–रेडियों

(C) राष्ट्रीय भूगोल चैनल–टेलीविजन

(D) वीर संघवी–इण्डिया टुडे

**निर्देश**– (प्रश्न 31 से 33 तक) इन प्रश्नों के उत्तर देने के लिए दिए गए ग्राफ का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए :

**विगम वर्षो में दो राज्य की जनसंख्या** (मिलियन में)




**31.** निम्नलिखित में से किस वर्ष में पिछले वर्ष की तुलना मे, राज्य B के लिए जनसंख्या मे प्रतिशत वृद्धि सर्वाधिक थी?

(A) 2008

(B) 2007

(C) 2005

(D) 2004

**32.** सभी वर्षों के लिए मिलकर राज्य B की औसत जनसंख्या (मिलियन में) कितनी थी ?

(A) 38.5

(B) 28.5

(C) 30.8

(D) 37.5

**33.** पिछले वर्ष की तुलना में 2007 में राज्य B की जनसंख्या में औसत जनसंख्या में कितने प्रतिशत वृद्धि हुई थी ?

(A) 25

(B) $33\frac{1}{3}$

(C) 33

(D) $25\frac{1}{2}$

**34.** निम्नलिखित में से कौन–सा कथन सही नहीं है ?

(A) कम्प्यूटर केवल डिजिटल संकेतों को प्रोसेस करने में सक्षम है।

(B) कम्प्यूटर संख्यात्मक व गुणात्मक दोनों प्रकार के आंकड़ों का विश्लेषण करने में सक्षम है।

(C) आंकड़ो के प्रोसेसिंग के लिए उपयुक्त सॉफ्टवेयर की आवश्यकता है।

(D) कम्प्यूटर डिजिटल तथा अनालॉग (Analog) दोनों प्रकार के संकेतों को प्रोसेस करने में सक्षम है।

**35.** निम्नलिखित में से कौन–सा कथन सहीं है ?

(A) वायरस कम्प्यूटर के द्वारा सूचना के प्रोसेसिंग की गति को सुधारता है।

(B) इन्टरनेट वायरस को फैलने नहीं देता।

(C) वायरस सॉफ्टवेयर का ही हिस्सा होता है।

(D) वायरस एक ऑपरेटिंग पद्धति है।

**36.** भारत में किसी राजनीतिक दल को राष्ट्रीय अथवा क्षेत्रीय दल के रूप में किसके द्वारा मान्यता प्रदान की जाती है?

(A) भारत के राष्ट्रपति

VPM CLASSES

(B) भारत का निर्वाचन आयोग

(C) भारत के विधि आयोग के परामर्श से विधि मन्त्रालय

(D) राज्य विधानमण्डलों के परामर्श पर संघीय संसद

**37.** बेसिक शिक्षा या नई तालीम का दूसरा नाम है :

(A) अनिवार्य शिक्षा

(B) नई शिक्षा नीति

(C) वर्धा शिक्षा योजना

(D) सर्व शिक्षा अभियान

**38.** मरूस्थलीयकरण की प्रक्रिया मे सम्मिलित है :

(A) बालू का फैलाब

(B) मृदा में जैविक तत्वों का अभाव

(C) जलाभाव

(D) उक्त सभी

**39.** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की स्थापना कब की गई है। ?

(A) वर्ष 1948 में

(B) वर्ष 1944 में

(C) वर्ष 1953 में

(D) वर्ष 1960 में

**40.** भारत में वनभूमियों को सर्वाधिक हानि किसके द्वारा पहुंचाई जाती है ?

(A) नदी घाटी परियोजना द्वारा

(B) उद्योगों द्वारा

(C) यातायात के साधनों के द्वारा

(D) कृषि द्वारा

**41.** आई.सी.टी. सम्बोधित करता है :

(A) इण्टरनेशनल कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी

(B) इन्टरा कोमन टरमीनोलॉजी

(C) इन्फोरमेशन एण्ड कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी

(D) इन्टर कनेक्टेड टरमिनल्स

**42.** सामान्य उद्देश्य के साफ्टवेयर के उदाहरण है:

(A) MS-Word

(B) MS-Excel

(C) फोटोशॉप

(D) सभी

**43.** निम्नलिखित सारणी में दो कक्षाओं A और B के विद्यार्थियों की संख्या और प्रत्येक कक्षा द्वारा अर्जित अंक दिए गए है:

| | कक्षा A | कक्षा B |
|---|---|---|
| छात्रों की संख्या | 20 | 80 |
| अंकगणितीय औसत | 10 | 20 |

दोनों कक्षाओं के अंकों का संयुक्त औसत है :

(A) 18

(B) 15

(C) 10

(D) 20

**44.** निम्नांकित में से कौन–सा सवैंधानिक निकाय नहीं है :

(A) वित्त आयोग

(B) राजभाषा आयोग

(C) योजना आयोग

(D) निर्वाचन आयोग

**45.** निम्नलिखित में से सही कथन कौन–सा है ?

(A) कम्प्यूटरों का प्रयोग किसी विद्यार्थी के सीखने में आ रही कठिनाई का निदान करने के लिए किया जा सकता है।

(B) कम्प्यूटर की सहायता से मनोवैज्ञानिक परीक्षण किया जा सकता है बशर्ते सॉफ्टवेयर उपलब्ध हो।

(C) निर्देशों के सेट को प्रोग्राम कहा जाता है।

(D) उपर्युक्त सभी

**46.** जाड़े के समय में ग्लोबल वार्निंग सबसे अधिक कहां होती है ?

(A) भूमध्य रेखा

(B) ध्रुवों पर

(C) कर्क रेखा पर

(D) मकर रेखा पर

**s47.** विकासशील देशों में सरकार की भूमिका की वृद्धि के लिए कौन–सा/कौन–से कारक उत्तरदायी है/हैं

1. आर्थिक नियोजन

2. लोगों की बढ़ती हुई आकाक्षाएं

3. निजीकरण

4. कल्याणकारी राज्य की अवधारणा का उदय

नीचे दिए गए कूट से उपयुक्त उत्तर चुनिए :

कूट :

(A) 1 और 2

(B) 1, 2 और 3

(C) केवल 3

(D) केवल 4

VPM CLASSES

**48.** भारत में प्रत्येक वित्तीय वर्ष के लिए मुद्रा और वित्त पर प्रतिवेदन (Report on Currency and Finance) किसके द्वारा प्रकाशित किया जाता है।

(A) रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया

(B) वित्त मन्त्रालय

(C) योजना आयोग

(D) केन्द्रीय सांख्यिकीय संगठन

**49.** भारत में 'लोकतान्त्रिक विकेन्द्रीकरण' की विचारधारा का प्रचार किसके द्वारा किया गया ?

(A) ए. डी.गोरखाला कमेटी, 1951

(B) पॉल एच. एपलबी कमेटी, 1953

(C) बी. आर. मेहता, 1957

(D) अशोक मेहता कमेटी, 1978

**50.** 'मनुष्य–पर्यावरण अन्तर्क्रिया' के अध्ययन से सम्बन्धित मिस सेम्पल का यह कथन कि ''मनुष्य अपने पर्यावरण की ही एकमात्र उपज है।'' क्या है ?

(A) एक राय

(B) एक पूर्वाग्रह

(C) एक तथ्य

(D) व्यापक रूप से स्वीकार्य घटनाक्रम

## ANSWER KEY

| Question | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Answer | B | C | D | B | C | D | D | D | D | C | C | B | A | B | D | B | C | C | A | D |
| Question | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 | 29 | 30 | 31 | 32 | 33 | 34 | 35 | 36 | 37 | 38 | 39 | 40 |
| Answer | C | D | B | A | C | C | B | D | B | D | D | C | B | D | C | B | C | D | C | C |
| Question | 41 | 42 | 43 | 44 | 45 | 46 | 47 | 48 | 49 | 50 | | | | | | | | | | |
| Answer | C | D | A | C | D | D | B | A | C | D | | | | | | | | | | |

## HINTS AND SOLUTIONS

**1.(B)** शोध एक प्रक्रिया है जिसमें निर्धारित उद्देश्यों के आधार पर निष्कर्ष तक पहुंचने की एक प्रक्रिया होती है।

**2.(C)** शिक्षण का उद्देश्य छात्रों में तर्क, चिन्तन व बौद्ध क्षमता का विकास करना है जिससे वे शैक्षिक समस्याओं का समाधान कर अधिगम की ओर अग्रसर हो सके।

**3.(D)** विज्ञान शिक्षण की प्रक्रिया 'करके सिखने के' सिद्धान्त पर आधारित होनी चाहिए। इसलिए प्रयोगशाला पद्धति सर्वश्रेष्ट है। प्रश्नोत्तर द्वारा विज्ञान को नहीं समझा जा सकता है। आगमन व समस्या पद्धति, सिद्धान्त तक पहुंचने में सहायक है।

**4.(B)** आविष्कार में अनुसंधान निहीत नहीं होता है क्योकि अनुसंधान एक निर्धारित प्रक्रिया है। परन्तु अनुसंधान, आविष्कार मुखी होता है क्योंकि इसमे नये तथ्यो को खोजा जाता है।

**5.(C)** यदि शिक्षण प्रभावशाली है तो छात्र सक्रिय रहकर प्रश्न पूछते है। प्रश्नो की गुणवत्ता, शिक्षण की गुणवत्ता पर निर्भर करती है।

**6.(D)** विचार विमर्श विधी (disussion method) का उपयोग किसी भी प्रकार की विषय–वस्तु के लिए किया जा सकता है।

**7.(D)** अनुसंधान के उद्‌देश्य कथन या प्रश्न के रूप में लिये जा सकते है और यह कार्य शोध के प्रथम अध्याय में किया जाता है। प्रथम अध्याय में समस्या, उद्देश्य, परिकल्पनाऐ लिखे जाते है।

**8.(D)** वर्तमान वार्षिक परीक्षा प्रणाली में छात्र पुरे वर्ष निष्क्रिय रहते है केवल वर्ष के अन्त में जब परीक्षा का समय होता है तब अध्ययन कार्य करते है। वार्षिक परीक्षा प्रणाली के दोषों को सेमेस्टर प्रणाली से दूर किया जा सकता है।

**9.(D)** प्रयोगात्मक अनुसंधान में स्वतन्त्र चर व परतन्त्र चर को उपयोग में लाया जाता है। स्वतन्त्र चर के प्रभावों को परतन्त्र चर पर अध्ययन करते है। प्रयोगात्मक शोध में स्वतन्त्र चर या विचलन को ट्रीटमेन्ट या मैनीपुलेटेड या प्रयोगात्मक विचलन कहेगें क्योंकि इसमें परिर्वतन करके उसके द्वारा परतन्त्र विचलन पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन किया जाता है।

**10.(C)** सामाजिक विज्ञान के अध्ययन के लिए कार्यशाला (Work shop) विधी सर्वश्रेष्ठ है।

**11.(C)** इस उद्धरण में वृद्ध व्यक्तियों, विकलांगों ओर बेरोजगारों की सामाजिक सुरक्षा के बारे में बताया गया है।

**12.(B)** अमरीका एक पूंजीवादी देश था ।

**13.(A)** रूजवेल्ट ने 1935 में एक सामाजिक सुरक्षा अधिनियम पारित किया। इस अधिनियम के अन्तर्गत विकंलागों ओर बेरोजगारों को वित्तीय सहायता दी गयी।

**14.(B)** 1935 के अधिनियम में 65 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्तियों को वृद्धा पेन्शन दी गयी।

**15.(D)** इस अधिनियम का मुख्य उद्देश्य वृद्ध व्यक्तियों, विकलांगों ओर बेरोजगारों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना है।

**16.(B)** सभी कथनो में अहंकारी होना या नहीं होना बताया गया है परन्तु, दूसरे कथन में विनम्र बताया है। यदि अधिकतर कवि विनम्र है तो कुछ कवि विनम्र होगे, ना की अंहकारी होगें।

**17.(C)**

M E A D O W<br>
↓ ↓ ↓ ↓ ↓ ↓ लिखते है तो<br>
B F N V N C

C O R N E R<br>
↓ ↓ ↓ ↓ ↓ ↓ को लिखेगे।<br>
S P D Q D M

**18.(C)** द्वितीय कथन में प्रसिद्धि का कारण केवल टॉप के अभिनेता होना नहीं मान सकते है तृतीय कथन में लता राजू की दूसरी बहन हो सकती है परन्तु राजू, लता का कौनसे नम्बर का भाई है यह कहना मुशकिल है। चतुर्थ कथन में जब A, B के बराबर नहीं है तो C के कैसे बराबर होगा।

**19.(A)** BBC वर्ल्ड, एक न्यूज चैनल है। जिसमे Knowing is very thing, विज्ञान पंक्ति बोली जाती है।

**20.(D)** इस प्रकार के प्रश्नों के लिए एक सूत्र होता है–

| E | J | O | T | Y |
|---|---|---|---|---|
| ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ |
| 5 | 10 | 15 | 20 | 25 |
| + | + | + | + | + |
| 4 | 4 | 4 | 4 | 4 |
| 9 | 14 | 19 | 24 | 29 |

यदि A को 5 माना हो अतः 4 अंक बड़ा दिया है तो सूत्र हो जायेगा–

22 वाँ होगा R, 25 वाँ U, 8 वाँ D, 22 वाँ R, 5 वाँ A होगा।

**21.(C)** उपरोक्त सभी सीरियलों में हम लोग सीरियल सबसें पुराना है।

**22.(D)** $\frac{2}{3}, \frac{4}{7}, \frac{7}{13}, \frac{11}{21}, \frac{16}{31}$ इसमे अंश का अंतराल 2, 3,4,5 है जबकि हर का अंतराल 4, 6, 8, 10 है।

**23.(B)** इन सभी विशिष्ट महिलाओं के कार्यक्षेत्र विशेष 2, 1, 4, 3 के क्रम मे है।

**24.(A)** यह आवश्यक नहीं है जो शत्रु राम के लिए इकलौता शत्रु है उसके लिए राम भी इकलौता शत्रु हो।

**25.(C)** माना की तीनों प्रकार के x संख्या है तो–

1 रू. के लिए $= x$
50 पैसे के लिए $= \frac{x}{2}$
25 पैसे के लिए $= \frac{x}{4}$

$x + \frac{x}{2} + \frac{x}{4} = 35$ रू. $7x = 140$

$x = 20$

**26.(C)** हंगामा चैनल एक भारतीय कार्टून चैनल है जिसमे बाल कलाकारो के कार्यक्रम भी प्रसारित होते है।

**27.(B)** 1, 3 और 4 कथन सदैव सत्य है।

**28.(D)** सेरोगेट मदर किसी भी रिश्तेदार के बच्चे को जन्म दे सकती है। कारें डीजल से भी चलती है।

**29.(B)** B —4— G —4— L —4— Q सभी मे 4 शब्दों को Skip किया है और F —4— K —4— P —4— U में भी 4 Words skip किये है।

**30.(D)** वीर संघवी का इण्डिया टुडे से कोई सम्बन्ध नही है।

**31.(D)** राज्य B के लिए सन् 2003 से 2004 मे वृद्धि में $(30 - 20 = 10)$ अधिकतम है।

**32.(C)** राज्य B की औसत जनसंख्या $= \frac{15+25+30+30+40+45}{6} = 30.8$

**33.(B)** राज्य B की जनसंख्या में सन् 2007 में वृद्धि हुई $\frac{40-30}{30}\times 100 = \frac{10}{30}\times 100 = 33.33\%$

**34.(D)** अनालॉग के लिए अनालॉग कम्पयूटर होता है और डिजिटल प्रोसेसिंग के लिए डिजिटल कम्प्यूटर होता है।

**35.(C)** वायरस एक घातक सॉफ्टवेयर है जो कम्प्यूटर प्रोग्राम को अवरूद्ध करता है।

**36.(B)** भारत के निर्वाचन आयोग को राष्ट्रीय अथवा क्षेत्रीय दल के रूप में मान्यता दी गई है।

**37.(C)** बेसिक शिक्षा को वर्धा शिक्षा योजना भी कहते है जिसे गांधी जी ने बतायी थी।

**38.(D)** उपरोक्त सभी कारणों से मरूस्थलीकरण की प्रक्रिया होती है।

**39.(C)** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (University grant Commission) की स्थापना सन् 1953 में हुई।

**40.(C)** सड़कों के निर्माण के लिए वनभूमि का विनाश किया गया है।

**41.(C)** आई. सी.टी. का सम्बन्ध शेक्षिक तकनीकी से है जिसे Information and Communication technology कहते है।

**42.(D)** MS-word, MS-Excel, Power point, फोटोशॉप यह सभी सामान्य उद्देश्य के साफ्टवेयर है।

**43.(A)** कक्षा A के संयुक्त अंक है – 20 × 10 = 200

कक्षा B के संयुक्त अंक है – 80 × 20 = 1600

कक्षा A व B के दोनों का संयुक्त औसत होगा = कुल अंक $\frac{200+1600}{20+80} = \frac{1800}{100} = 18$

**44.(C)** वित्त आयोग, राजभाषा आयोग व निर्वाचन आयोग मान्य व संवेधानिक है जबकी योजना आयोग एक संवैधानिक निकाय नहीं है।

**45.(D)** कम्प्यूटर का उपयोग शैक्षिक तकनीकी मे करते है जिसमें मनोवैज्ञानिक परीक्षण, अनुदेशन क्रिया, निर्देशन प्रक्रिया, निदात्मक प्रक्रिया सम्भव हो।

**46.(D)** मकर रेखा पर सूर्य रेखाएँ सीधी पड़ती है जिससे ग्लोबल वार्मिंग की सम्भावनाएँ अधिक होती है।

**47.(B)** लोगों की बढ़ती आकाक्षाएं, निजीकरण व आर्थिक नियोजन हेतु सरकार की भूमिका या उत्तरदायित्व बढ़ा है।

**48.(A)** रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया द्वारा प्रतिवर्ष, मुद्रा व वित्त पर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाता है।

**49.(C)** बी. आर. मेंहता कमेटी ने सन् 1957 में 'लोकतान्त्रिक विकेन्द्रीकरण' की विचारधारा का प्रसार किया। जिसमें सता का कार्य भार लोकतान्त्रिक रूप से विभिन्न दलों को सोपने को कहा गया।

**50.(D)** मनुष्य पर्यावरण का ही एक हिस्सा है या उसकी उपज है यह एक व्यापक स्वीकार्य कथन है।

VPM CLASSES